चतुर्थ संस्करण

'संगीत' का विशेष प्रकाशन

सूर-संगीत

(प्रथम भाग)

स्वरकार

स० आ० महाडकर 'संगीतविशारद'

सम्पादक

लक्ष्मीनारायण गर्ग

प्रकाशक

© संगीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)

मूल्य १)५०

प्रथम संस्करण
अगस्त १९५२
द्वितीय संस्करण
जुलाई १९५४
तृतीय संस्करण
दिसम्बर १९५८
चतुर्थ संस्करण
जून १९६४

प्रकाशक की ओर से—

'सूर-संगीत' के लिए संगीत-सम्राट् पं० ओम्कारनाथजी ठाकुर ने प्राक्कथन लिखने की जो कृपा की है, उसके लिए पण्डितजी के हम अत्यन्त आभारी हैं और आशा करते हैं कि 'संगीत' और 'संगीत-कार्यालय' के प्रति सर्वदा ही उनका ऐसा प्रेम-भाव बना रहेगा।

सूर-पदों का भावार्थ लिखने में हमें श्री मधुसूदन शरण 'बेदिल' तथा पण्डित दुर्गादत्तजी 'शान्त' से जो सहायता प्राप्त हुई है, उसके लिए हम उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं। साथ-ही-साथ इसके स्वरलिपिकार श्री महाडकर महोदय का आभार-प्रदर्शन करना भी आवश्यक है, जिन्होंने सूर-पदों को मनोहर बंदिशों में लिपिबद्ध करके अपनी कुशलता का परिचय दिया है।

'सूर-संगीत' के प्रथम भाग के तीन संस्करण समाप्त होगए, अब इसका यह संशोधित चतुर्थ संस्करण उपस्थित है। इसका द्वितीय भाग भी प्रकाशित हो गया है।

आशा है, संगीत-प्रेमी 'सूर-संगीत' के इन अमूल्य रत्नों को सदैव अपनाते रहेंगे और हमें इस सागर के अपूर्व पद-रत्नों को क्रमशः संगीतमय प्रकाशित करते रहने का प्रोत्साहन देंगे।

मुद्रक
संगीत प्रेस, हाथरस

प्राक्कथन

संगीतमार्तण्ड पं० ओम्‌कारनाथ ठाकुर

संगीत-जगत् में एक नया ग्रंथ अवतरित होने जारहा है, जिसका नाम है—'सूर-संगीत'।

वैष्णव-सम्प्रदाय के महान् भक्त-कवि सूरदासजी के चुने हुए पदों को स्वर और ताल में निबद्ध करके, भक्त-कवि के निगूढ़ भावों की अभिव्यंजना करने का यह एक श्लाघ्य सुप्रयास है।

प्रचलित संगीत पर वैष्णव-संप्रदाय का महान् ऋण है। वैष्णव-मन्दिरों में भगवान् के जो लीला-गान गाए जाते हैं एवं जो आठों पहर और छहों ऋतुओं के समयानुकूल लीला-गान की परिपाटी दीर्घकाल से चली आरही है, इस परिपाटी ने संगीत-जगत् को बड़ा ही अमूल्य दान दिया है। आज के प्रचलित ध्रुवपदों, होरियों-धमारों तथा ख्यालों के पदों के सूक्ष्म एवं अभ्यासपूर्ण निरीक्षण से यह कथन भलीभाँति परिपुष्ट हो जाएगा। इन पदों में सूरदासजी, कुम्भनदासजी, लक्ष्मनदासजी, परमानन्ददासजी आदि भक्त-कवियों के मधुरतम, ललित भावों से भरे गीतों का कितना विपुल स्थान है, वह स्वर और शब्द, राग और कविता—इन दोनों की ओर दृष्टि रखनेवालों को सहज ही में दिखाई देगा।

गुणी तानसेनजी, जो भारत के महान् गायनाचार्य थे, जिनके गान की ख्याति और तान की प्रसिद्धि आज भी सर्वमान्य है, उनके पदों से एवं नायक बैजू बावरा, जो भारत के उस समय के सर्वश्रेष्ठ संगीत-धन थे, उनके और अन्य अनेक गुणीजनों के पदों से आज का संगीत विश्व-मुखरित है। तानसेनजी के महान् गुरु स्वामी श्रीहरिदासजी, जिनके गीत-धन से आज का संगीत-साम्राज्य समृद्ध है तथा जिस लोकोत्तर सम्पत्ति से संगीत-सृष्टि आज भी गौरवान्वित है, ऐसे संगीत-महर्षि भी संगीत-जगत् के लिए वैष्णव-सम्प्रदाय की ही देन हैं।

भक्ति-सम्प्रदाय के सभी भक्त, कवि तो थे ही, किन्तु श्रेष्ठ गायक भी थे। वे सभी गायक-कवि थे। सूरदास, तुलसीदास, कबीरदास, रैदास, मीराबाई, गुरु नानक, नरसी मेहता, दयाराम, तुकाराम तथा त्यागराज आदि सभी महान् भक्त थे, श्रेष्ठ कवि थे और परम गायक थे। उन्हें निजानुभूति से यह दर्शन प्राप्त हुआ था कि भवसागर पार करने के लिए तूँबे का सहारा अनिवार्य है। प्रकाश से परम प्रकाश दिखाई देता है। रूप से ही परम रूप नजर आता है। तद्वत् नादब्रह्म से ही परब्रह्म की प्राप्ति हो सकती है। वे जानते थे कि 'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय', इसके सिवा कोई चारा नहीं है। इसीसे विश्व के सभी भक्त तम्बूरे की ही नाव में बैठते हैं। उसी तम्बूरे की तान में तल्लीन

होकर वे जो-कुछ करते थे, उनके मुख से भाव की जो वैखरी निर्झरित होती थी, वह स्वयं कविता बन जाती थी। और, वही गीत संगीत बन जाता था। जो शब्द-ब्रह्म उनके मुख से कविता के रूप में इस अवनि पर अवतरित हुआ, वह आज भी अखण्ड रूप से जनता के हृदय के तमस् को हटाकर उसे आलोकित करता है और जनता की आत्मा को अन्तरतम भावों की भागीरथी में निमज्जन कराता है।

कभी-कभी कोई कवि मुझसे पूछ बैठता है कि इन भक्त-कवियों की कविताओं में ऐसी कौन-सी बात है, जो इन्हें गाते हुए और सुनते हुए गायक और जनता अघाते ही नहीं हैं और हमारी कविता में क्या कमी है, जो वह जनता के कानों तक पहुँचती ही नहीं और यदि किसी ने पहुँचा भी दी, तो जनता के कंठ से वह कल्लोलित नहीं होती ? मेरे सामने इसका एकमात्र उत्तर यही है कि भक्त, कविता करने बैठते नहीं। वे कवि बनकर कविता नहीं करते। वे संगीत के गुंजन में तन्मय होकर अपने इष्टदेव की आराधना करते हैं और उस समय उनके मुख से सहज और स्वयमेव शब्द टपक पड़ते हैं, वही गीत के रूप में राग बनकर और कविता के रूप में संगीत बनकर गूँज उठते हैं। उनकी कविता, कविता नहीं; वह हृत्तन्त्री की झंकार है। उनकी आत्मा की अनुभूति, भावों की भाषा में आलापित होकर, गा उठती है। जब वर्तमान कवि भी इस परम सत्य का दर्शन करेंगे, तब उन्हें गायकों से और जनता से कोई शिकायत न रहेगी। तब उनकी कविता में प्राण होगा, जीवन होगा, प्रसाद होगा। उसका प्रभाव अचिन्त्य होगा, शाश्वत होगा और 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' होगा।

यह विश्व भगवान् की रस-सृष्टि का प्रतिबिम्ब है और गायक-कवि का गीत इस भाव की व्यंजना का प्रतिघोष है। रस में डूबते ही वाणी मुखरित हो उठती है। स्वर के आंदोलन जाग जाते हैं और इस प्रकार स्वर–शब्द एक साथ झंकृत हो उठते हैं। वही 'संगीत' है, कविता भी वही है।

हमारे सूर कवि की कविता किसी ऐसी ही दिव्य घड़ी में गूँज उठी है, जिनके शब्द स्वयं स्वर बन गए हैं और जिनकी कविता स्वयं संगीत बन गई है। सूरदासजी की ऐसी ही दिव्य वाणी को ग्रथित करने का इस ग्रंथ (सूर-संगीत) में यथासाधन और यथाशक्ति प्रशस्त प्रयास किया गया है।

क, च, ट, त, प आदि व्यंजन तबतक पंगु हैं, जबतक वे अकारादि स्वरों से संयोजित न हों। स्वर की सहायता के बिना शब्द भी निःसहाय हैं। एक ही शब्द के अनेक अर्थ स्वर के सहयोग से ही सम्भावित हैं। जीवन के व्यवहार में जिन्हें आँखें हैं, वे नित्यप्रति, प्रतिपल देखते और जानते हैं कि सारा विश्व नाद के ही अधीन है। शास्त्रकारों ने इसी से कहा है कि—

नादेन व्यज्यते वर्णः पदं वर्णात् पदात् वचः।
वचसो व्यवहारोऽयं नादाधीनमिदम् जगत्॥

इसी दृष्टि से सूरदासजी की शब्द-देह में स्वर-ताल के द्वारा आत्मा का संचार करने के उद्देश्य से इस ग्रन्थ का निर्माण किया गया है। वह जैसा है, बुधजनों के सम्मुख है।

विज्ञजन अपनाएँ या न अपनाएँ, सफल कहें या निष्फल घोषित करें; किन्तु मेरी राय में तो यह प्रयत्न नितान्त सुश्लाघ्य है, श्रेयस्कर है, सराहनीय है एवं उत्तेजनीय है। मेरी दृढ़ीभूत मान्यता है कि 'अकारणात् मन्दकरणं श्रेयः।'

वर्तमान समय के प्रचलित शास्त्रीय संगीत में जो गीत गाए जाते हैं, उनके शब्द अर्थ, भाव और रस, रागों और रागिनियों के रस-भाव के साथ संवादित होते हुए नहीं दीखते। राग और रागिनियों के रस-भाव को देखकर, उसकी यथार्थ अनुभूति पाकर, तदनुसार और तदनुकूल गीत-पद्य का चुनाव होना चाहिए। किन्तु इस बात का अभाव प्रतिपल खटकता है। आज के शास्त्रीय संगीत में वांछित रस का निर्माण नहीं होता। उसका मुख्यतः और मूलतः यही कारण है कि रसानुकूल शब्द नहीं होते और अर्थानुकूल स्वर नहीं होते। या तो अर्थानुकूल राग का चुनाव हो, या राग के रसानुकूल काव्य का चुनाव हो। शब्द और स्वर के संयोग से ही दिव्य संगीत उद्भूत होता है। विश्व को जब स्वर-शब्दमय संगीत की संप्राप्ति होगी, तभी ज्ञानी, अज्ञानी—सभी समाधि का परमानन्द पा सकेंगे।

शब्द स्थूल है। उसे सामान्य जन और विज्ञजन—दोनों समझ सकते हैं।

स्वर सूक्ष्म है, सूक्ष्मातिसूक्ष्म है; उसके अर्थ निगूढ़तम हैं और इसीलिए उसकी भाव-व्यंजना सामान्य-जन की ग्रहण-शक्ति से परे है। जैसे प्रणव का दिव्य गान ज्ञानी ही सुन सकते हैं, तद्वत् स्वर के दिव्यालोक का दर्शन वही कर सकते है, जो शब्दातीत हैं।

इसीलिए सूर-जैसे महान् गायक-कवि के काव्य को संगीत में अवतारणा करना परमावश्यक एवं परम कर्तव्य है! सामान्य और विज्ञ—सभी की आत्मा उस दिव्य संगीत में अवगाहन कर सकेगी और विशुद्ध हो सकेगी।

सभी को शिकायत है कि आजकल सिनेमा-संगीत ने अनर्थ कर छोड़ा है। साथ-साथ यह भी सुनते हैं कि सिनेमा-संगीत में शब्द और स्वर के संयोग के कारण एक विशेष आकर्षण रहता है। और इसी आकर्षण से आकर्षित होकर जनता उस संगीत के प्रति उन्मुख होकर उमड़ पड़ती है।


किन्तु कुछ लोग इस संगीत का घोर विरोध भी करते हैं और कहते हैं कि इस संगीत के द्वारा हमारे समाज का स्तर नीचे गिरता जारहा है, हमारी मनोवृत्तियाँ भ्रष्ट हो रही हैं और हमारे समाज की आत्मा पतन पारही है। उनका यह कथन नितांत सत्य है, उनकी घोर पतन की आशंका भी यथार्थ है। किन्तु इसका कारण खोजना चाहिए और कारण खोजकर उसे निर्मूल करना चाहिए। यह अनुभवसिद्ध है कि उच्च भावनाओं से निबद्ध शब्द जब स्वरों का संयोग पाते हैं, तो गानेवालों या सुननेवालों का सदैव उत्थान करते हैं। और लघु, निकृष्ट भाव-भरे शब्द जब स्वरों का संयोग पाते हैं, तो गानेवालों या सुननेवालों का घोर पतन करते हैं। ज्ञानीजन इसलिए शब्दातीत होकर स्वर में तल्लीन होते हैं और आत्मसमाधि का आनन्द पाते हैं। यदि जनता को, जिसकी उसे भूख है, प्यास है, ऐसा स्वर-शब्द का संगीत देना हो और उसे पतन से बचाना हो

तो सूरदासजी और ऐसे ही अन्य महान् गायक-कवियों के पदों का संगीतकरण करके वह संगीत उन्हें दिया जाए, सुनाया जाए, सिखाया जाए। मेरा विश्वास है कि यदि ऐसा किया गया, तो सिनेमावाले भी दौड़ते हुए इस ओर झुकेंगे और भारत की जनता को पतित होने से बचाकर ऐसे संगीत द्वारा उसके हृदय को दिव्य-स्थापनापन्न करने का एक भव्य स्वप्न सिद्ध किया जा सकेगा। प्रातःस्मरणीय पूज्यपाद गुरुदेव श्रीविष्णु-दिगम्बरजी ने कुछ बेसमझ गायकों के "पण्डितजी तो अब गायक नहीं रहे, भजनीक बन गए" ऐसे उलाहने सहकर भी सूर, तुलसी, मीरा, कबीर आदि के पदों को अपने संगीत में हेतुपूर्वक स्थान दिया था और जीवन-भर उसे निभाया था। उनके शिष्य-प्रशिष्यों में भी वही संस्कार अवतरित हुए हैं और वे इन महाकवियों के पद-लालित्य का पूर्ण भाव अपने कण्ठ से ललकारकर जनता की आत्मा तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।

'संगीत-कार्यालय' के संचालकों ने 'सूर-संगीत' के द्वारा वही लोकोत्तर कार्य आरम्भ किया है। मैं उनके इस प्रशंसनीय प्रयास का स्वागत करता हूँ और समादर के साथ उसकी सफलता चाहता हूँ।

जन्माष्टमी
संवत् २००६ वि०

ओंकारनाथ गौरीशंकर ठाकुर



पद-सूची 'सूर-संगीत'

(प्रथम भाग)

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च ।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ॥

न तो मैं वैकुण्ठ में ही रहता हूँ और न योगियों के हृदय में। हे नारद! जहाँ पर मेरे भक्त गायन करते हैं, मैं वहीं पर उपस्थित रहता हूँ। —पद्मपुराण

स्वरलिपियों का चिह्न-परिचय

प	जिन स्वरों के ऊपर-नीचे कोई चिह्न न हो, वे मध्य (बीच की) सप्तक के शुद्ध स्वर हैं।
ध॒	जिन स्वरों के नीचे पड़ी लकीर हो, वे कोमल स्वर हैं; किन्तु कोमल मध्यम पर कोई चिह्न नहीं होगा, क्योंकि कोमल मध्यम को शुद्ध भी कहते हैं।
मं॑	तीव्र मध्यम इस प्रकार होगा।
नि़	जिनके नीचे बिन्दी हो, वे मन्द्र (पहली) सप्तक के स्वर हैं।
सां	ऊपर बिन्दीवाले स्वर तार (तीसरी) सप्तक के स्वर हैं।
प–	जिस स्वर के आगे जितनी लकीरें (–) हों, उसे उतनी ही मात्रा तक और बजाइए।
रा ऽ	जिस अक्षर के आगे जितने अवग्रह (ऽ) के चिह्न हों, उसे उतनी ही मात्रा तक और गाइए।
धप	इस प्रकार जितने भी स्वर मिले हुए (सटेहुए) हों, उन सबको एक मात्रा में बजाइए।
× ० ।	× सम का, ० खाली का तथा । ताली का चिह्न है।
,	यह चिह्न स्वरलिपियों में या तानों में अलग-अलग टुकड़े दिखाता है।
*	ऐसा फूल जहाँ हो, वहाँ पर एक मात्रा चुप रहना होगा।
⌒	स्वरों के ऊपर यह चिह्न मीड़ देने के लिए होता है।
ग प	इस प्रकार किसी स्वर के ऊपर कोई स्वर हो, तो ऊपरवाले स्वर को जरा-सा छूते हुए नीचे के स्वर को बजाइए। इसे कण-स्वर कहते हैं।
(म)	इस प्रकार कोई स्वर कोष्ठक में बन्द हो, तो उसके आगे का स्वर, वह स्वर और उससे पहले का स्वर तथा फिर वही स्वर लेकर एक मात्रा में ही बजाइए; जैसे (म)=पमगम।
∿∿∿	यह चिह्न स्वरों के ऊपर जमजमा देने के लिए होता है, अर्थात् स्वरों को हिलाना चाहिए।

चरनकमल बन्दौं......!

[राग वृन्दावनीसारंग—तीनताल]

(१)

चरनकमल बन्दौं हरिराइ ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अन्धे कौं सब-कछु दरसाइ ॥
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बन्दौं तिहिं पाइ ॥

भावार्थ—मैं उन सर्वश्रेष्ठ भगवान् हरि के कमलवत् चरणों की वन्दना करता हूँ, जिनकी कृपा से लँगड़ा व्यक्ति पहाड़ों को लाँघ सकता है, अंधे की आँखों को प्रकाश मिलता है, बहरा व्यक्ति सुनने लगता है, गूँगा बोलने लगता है और भिखारी भी सम्राट् बन सकता है। भक्तशिरोमणि सूरदासजी कहते हैं कि मैं ऐसे दयावान् प्रभु के चरणों की एक बार नहीं, अनेक बार वन्दना करता हूँ ।

स्थायी •

०				३				×				२			
नि	सा	रे	म	प	नि	प	म	प	म	रे	सा	रे	–	सा	–
च	र	न	क	म	ल	बं	ऽ	दौं	ऽ	ह	रि	रा	ऽ	इ	ऽ
नि	प	नि	नि	सा	–	सा	–	रेम	पम	रे	सा	रे	–	सा	–
जा	ऽ	की	कृ	पा	ऽ	पं	ऽ	गुऽ	ऽऽ	गि	रि	लं	ऽ	घै	ऽ
म	–	म	–	प	–	प	प	नि	नि	प	म	रे	–	सा	–
अं	ऽ	धे	ऽ	कौं	ऽ	स	ब	क	छु	द	र	सा	ऽ	इ	ऽ

अन्तरा •

म	प	नि	प	नि	सां	–	नि	–	सां	रें	सां	नि	सां	नि	प
ब	हि	रौ	ऽ	सु	नै	ऽ	गू	ऽ	क	पु	नि	बो	ऽ	लै	ऽ
म	प	रें	रें	सां	–	नि	प	मप	नि	प	म	रे	–	सा	–
रं	ऽ	क	च	लै	ऽ	सि	र	छऽ	ऽ	त्र	ध	रा	ऽ	इ	ऽ

शेष अन्तरे इसी प्रकार गाए जाएंगे ।

अबिगत-गति कछु......!

[राग पहाड़ी—तीनताल : मध्यम को षड्ज मानकर गाइए]

(२)

अबिगत-गति कछु कहत न आवै ।
ज्यौं गूंगें मीठे फल कौ रस अन्तरगत हीं पावै ।
परम स्वाद सबही सु निरन्तर, अमित तोष उपजावै ।
मन-बानी कौं अगम अगोचर, सो जानै जो पावै ।।
रूप-रेख-गुन-जाति-जुगति-बिनु निरालम्ब कित धावै ।
सब बिधि अगम विचारहिं तातैं सूर सगुन-पद गावै ।।

भावार्थ—उस अज्ञात प्रभु की लीला कहने में नहीं आ सकती । ठीक उसी प्रकार, जैसे कोई गूंगा व्यक्ति मीठा फल खाने के बाद उसकी मिठास का अनुभव मन-ही-मन में करता है, किन्तु वाणी द्वारा नहीं कह सकता । भगवान् की महिमा का स्वाद अत्यन्त ही मधुर है, जो सबके लिए समान रूप से सदैव संतोष प्रदान करता है । यह स्वाद मन और वाणी से परे है, जिसमें इसके समझने की क्षमता है, वही पा सकता है । सूरदासजी कहते हैं कि ऐसे परमात्मा को, जिसकी न कोई रूपरेखा है, न कोई प्रत्यक्ष गुण है, न जाति है और न उसे पाने की कोई ठोस युक्ति है; तब उन्हें ढूंढनेवाला, बिना किसी सहारे के किधर जाए ? सारी दुनिया उन्हें अदृश्य तथा निर्गुण बताती है, इसलिए मैं उनके सगुण गुणानुवाद गाता हूं । इनसे संसार के व्यक्तियों को परमात्मा की महिमा जानने में सहायता मिलेगी ।

• **स्थायी**

२				०				३				×			
सा	ग	रे	रे	सा	रे	सा	सानि़	ध़	नि़	प़	ध़	सा	-	सा	-
अ	बि	ग	त	ग	ति	क	छुऽ	क	ह	त	न	आ	ऽ	वै	ऽ
सा	ग	रे	रे	नि़रे	सानि़	धनि़	पध़	सा	-	सा	-	ग	-	ग	म
अ	बि	ग	त	ज्यौंऽ	ऽऽ	गूंऽ	ऽऽ	गें	ऽ	मी	ऽ	ठे	ऽ	फ	ल
मग	रेग	रे	रे	सा	-	रे	रे	ग	रे	ग	म	गरे	ग	सा	-
कौऽ	ऽऽ	र	स	अ	ऽ	न्त	र	ग	त	ही	ऽ	आऽ	ऽ	वै	ऽ
नि़सा	नि़सा	ध़नि़	सा												
ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	गति कछु.................।											

• **अन्तरा**

ध़	सा	रे	ग	-	ग	ग	ग	रेग	म	म	मग	रे	ग	सा	सा
प	र	म	स्वा	ऽ	द	स	ब	हीऽ	ऽ	सु	निऽ	रं	ऽ	त	र

ग	ग	ग	ग	मरे	ग,	म	प	म	–	ग	म	रे	ग	सा	–
अ	मि	त	तो	ऽऽ	ष	उ	प	जा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	वै	ऽ
प़	ध़	सा	रे	म	ग	सा	सा	रे	म	प	ध	म	ग	रे	सा
म	न	बा	ऽ	नी	ऽ	कौं	ऽ	अ	ग	म	अ	गो	ऽ	च	र
सा	–	रे	–	ग	रे	ग	प	म	–	–	–	गरे	ग	सा	–
सो	ऽ	जा	ऽ	नै	ऽ	जो	ऽ	पा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	वै	ऽ

वासुदेव की बड़ी बड़ाई !

[राग यमनकल्याण—तीनताल]

(३)

वासुदेव की बड़ी बड़ाई ।
जगत-पिता, जगदीस, जगत-गुरु, निज भक्तनि की सहत ढिठाई ।।
भृगु कौ चरन राखि उर ऊपर, बोले बचन सकल-सुखदाई ।
सिव-बिरंचि मारन कौं धाए, यह गति काहू देव न पाई ।।
बिनु बदलैं उपकार करत हैं, स्वारथ बिना करत मित्राई ।
रावन अरि कौ अनुज बिभीषन, ताकौं मिले भरत की नाई ।।
बकी कपट करि मारन आई, सो हरि जू बैकुण्ठ पठाई ।
बिनु दीन्हैं ही देत सूर-प्रभु, ऐसे हैं जदुनाथ गुसाई ।।

भावार्थ—वासुदेव (भगवान्) का बड़प्पन वास्तव में बहुत बड़ा है । आप संसार के पिता, विश्व के ईश्वर और संसार-भर के गुरु होते हुए भी, अपने भक्तों के अपराधों को सहन करते रहते हैं । इसका यहाँ उदाहरण दिया जाता है—एक बार भृगु मुनि ने तीनों देवों अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु और महेश की सहन-शक्ति जाँचने के लिए, उन पर अपना क्रोध प्रकट किया । किन्तु वह शंकर और ब्रह्माजी को सहन न हो सका और वे मुनिराज को मारने के लिए दौड़े । पश्चात् जाकर भृगुजी ने भगवान् विष्णु की छाती में लात मारी, किन्तु प्रभु क्रोधित नहीं हुए, बल्कि भृगुजी का चरण पकड़कर बोले—प्रभु ! मेरे वज्र-से वक्ष से टकराकर आपके कोमल चरण को चोट आगई होगी । भगवान् बदले की इच्छा न रखकर ही भक्तों का उपकार किया करते हैं और बिना स्वार्थ के प्रेम भी । जैसे—उन्होंने रामावतार में सुग्रीव तथा विभीषण को अपने प्रिय अनुज भरत के समान समझकर उनसे मित्रता की । पूतना-जैसी दुष्टा राक्षसी स्तनों पर विष लगाकर दूध पिलाने आई, किन्तु भगवान् ने स्तनों में से उसके प्राण खींच लिए और उसे बैकुण्ठ भेज दिया । भक्त कवि सूरदास कहते हैं कि यादवों के नाथ भगवान् कृष्ण ऐसे दाता हैं कि वह बिना दिए ही सब-कुछ प्रदान करते हैं ।

● **स्थायी**

०				३				x				२			
ग	म	ग	रे	ग	रे	सा	-	नि	ध	-	प	ग	रे	गम॑	पम॑
बा	ऽ	सु	दे	ऽ	व	की	ऽ	ब	ड़ी	ऽ	ब	ड़ा	ऽ	ईऽ	ऽऽ
ग	ग	ग	रे	ग	ध	प	प	ग	-	रे	रे	ग	रे	सा	सा
ज	ग	त	पि	ता	ऽ	ज	ग	दी	ऽ	स,	ज	ग	त	गु	रु
नि	ध	नि	सां	नि	ध	प	-	ग	म	ग	रे	नि॒	रे	गम॑	पम॑
नि	ज	भ	ऽ	क्त	नि	की	ऽ	स	ह	त	ढि	ठा	ऽ	ईऽ	ऽऽ

● **अन्तरा**

म॑	ध	नि	प	-	ग	म॑	ध	सां	सां	सां	-	नि	रें	सां	-
सि	व	बि	रं	ऽ	चि	मा	ऽ	र	न	कौं	ऽ	धा	ऽ	ए	ऽ
नि	रें	गं	रें	नि	रें	सां	-	नि	ध	नि	सां	नि	ध	प	-
य	ह	ग	ति	का	ऽ	हू	ऽ	दे	ऽ	व	न	पा	ऽ	ई	ऽ
प	ग	प	प	प	ध	प	प	ग	रे	ग	रे	सा	रे	सा	सा
बि	नु	ब	द	लैं	ऽ	उ	प	का	ऽ	र	क	र	त	हैं	ऽ
नि	ध	नि	सां	नि	ध	प	प	ग	म	ग	रे	नि॒	रे	गम॑	पम॑
स्वा	ऽ	र	थ	बि	ना	ऽ	क	र	त	मि	ऽ	आ	ऽ	ईऽ	ऽऽ

प्रभु कौ देखौ एक......!

[राग गारा—तीनताल : मध्यम को षड्ज मानकर गाइए]

(४)

प्रभु कौ देखौ एक सुभाइ।
अति-गम्भीर उदार-उदधि हरि, जान-सिरोमनिराइ ॥
तिनका-सौं अपने जन कौ गुन, मानत मेरु-समान।
सकुचि गनत अपराध-समुद्रहिं, बूँद-तुल्य भगवान ॥
बदन-प्रसन्न-कमल सनमुख ह्वै, देखत हौं हरि जैसें।
बिमुख भए अकृपा न निमिषहूँ, फिर चितयौं तौ तैसें ॥
भक्त-बिरह-कातर करुनामय, डोलत पाछैं लागे।
सूरदास ऐसे स्वामी कौं, देहिं पीठि सो अभागे ॥

भावार्थ—सूरदासजी इस पद में भगवान् के स्वभाव का वर्णन करते हुए कहते हैं—मेरे प्रभु अत्यन्त दयालु हैं, समुद्र के समान गम्भीर तथा राजाओं में सिरमौर हैं। अपने भक्त के, तिनके के समान गुण को पहाड़ के बराबर मानते हैं और समुद्र के समान अपराध को संकोच के साथ जल की बूँद के बराबर शुमार करते हैं। भगवान् का भक्त यदि उनसे विमुख होजाए और पुनः उनकी सेवा में पहुँचे, तो वे उसके अपराध को ध्यान में न लाते हुए, उसे पुनः पहले की तरह ही प्रेम से देखते हैं। जो भगवान् अपने भक्तों से अलग होने के बाद बिछोह से दुःखित होकर उनके पीछे-पीछे भागे डोलते हैं, ऐसे भगवान् को भुलानेवाला सरासर अभागा है।

स्थायी •

२				०				३				×			
ग	म	रे	ग	नि़	(सा)	नि़	ध़	प़	ध़	सा	रे	ग	(म)	ग	–
प्र	भु	कौ	ऽ	दे	ऽ	;खौ	ऽ	ए	ऽ	क	सु	भा	ऽ	इ	ऽ
–	–	–	–	नि़	नि़	नि़	–	सा	–	सा	सा	ध़सा	रेम	ग	रे
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	अ	ति	गं	ऽ	भी	ऽ	र	उ	दाऽ	ऽऽ	र	उ
सानि़	सा	नि़	ध़	ग	–	ग	ग	ग	–	म	प	ग	म	म	–
द	धि	ह	रि	जा	ऽ	न,	सि	रो	ऽ	म	नि	रा	ऽ	इ	ऽ
रे	ग	सा	–	नि़सा	रेग	रेसा	नि़ध़								
प्र	भु	कौ	ऽ	देऽ	ऽऽ	खौऽ	ऽऽ	एक सुभाइ..........।							

अन्तरा •

ग	ग	ग	म	रेग	–रे	ग	म	प	–	प	प	मप	धप	म	ग
ति	न	का	ऽ	सौंऽ	ऽऽ	अ	प	ने	ऽ	ज	न	कौऽ	ऽऽ	गु	न
ग	म	प	ध	(नि)	–	ध	प	रे	ग	म	(प)	ग	प	म	ग
मा	ऽ	न	त	मे	ऽ	रु	स	मा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	न	ऽ
ग	ग	ग	ग	ग	म	रे	ग	म	प	ग	म	रे	ग	सा	सा
स	कु	चि	ग	न	त	अ	प	रा	ऽ	ध	स	मु	ऽ	द्र	हिं
प़	–	ध़	सा	–	रे	ग	प	म	–	–	–	गरे	ग	सा	–
बूँ	ऽ	द	तु	ऽ	ल्य	भ	ग	वा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	न	ऽ
नि़सा	रेग	रेसा	नि़ध़												
देऽ	ऽऽ	खौऽ	ऽऽ	एक सुभाइ..........।											

हरि सौं ठाकुर और न......!

[राग नंद—तीनताल]

(५)

हरि सौं ठाकुर और न जन कौं ।
जिहिं-जिहिं बिधि सेवक सुख पावै, तिहिं बिधि राखत मन कौं ॥
भूख भए भोजन जु उदर कौं, तृषा तोय, पट तन कौं ।
लग्यौ फिरत सुरभी ज्यौं सुत-सँग, औचट गुनि गृह बन कौं ॥
परम उदार, चतुर चिंतामनि, कोटि कुबेर निधन कौं ।
राखत है जन की परतिज्ञा, हाथ पसारत कन कौं ॥
संकट परें तुरत उठि धावत, परम सुभट निज पन कौं ।
कोटिक करै एक नहिं मानैं, सूर महा कृतघन कौं ॥

भावार्थ—भगवान् हरि के समान मनुष्य का अन्य कोई स्वामी अथवा रक्षक नहीं है । जिस-जिस प्रकार भी भक्त को सुख मिलता है, भगवान् उसी प्रकार उसका मन रखते हैं । भूख लगने पर पेट को भोजन, प्यास लगने पर पानी और तन ढँकने के लिए वस्त्र भी देते हैं । जिस प्रकार गाय अपने बछड़े के साथ-साथ वन में डोलकर उसकी हर प्रकार से रक्षा करती रहती है, उसी प्रकार दीनबन्धु भगवान् भी भक्त की, हर जगह रक्षा करते रहते हैं । आप अत्यन्त ही दयालु, चतुर और चिंतामणि के तुल्य हैं । निर्धन के लिए करोड़ों कुबेर के समान हैं । ऐसे होने पर भी अपने भक्त की प्रतिज्ञा रखने के लिए कहीं-कहीं कण की भीख माँगने लग जाते हैं । अपने प्रण को पूरा करने में असीम बल के भण्डार भगवान् संकट के समय भक्त की पुकार पर तुरन्त दौड़े आते हैं । सूरदास के लिए भी वे इस प्रकार की करोड़ों कृपाएँ करते हैं, किन्तु वह ऐसा कृतघ्न है कि एक भी एहसान नहीं मानता ।

• **स्थायी**

०				३				×				२		
ग	म	गम	धप	रे	–	सा	सा	ग	–	म	म	म	मग	प
ह	रि	सौंऽ	ऽऽ	ठा	ऽ	कु	र	औ	ऽ	र	न	ज	नऽ	कौं
ग	म	प	ध	नि	नि	प	–	ग	म	ध	प	रे	–	सा
जि	हिं	जि	हिं	बि	धि	से	ऽ	व	क	सु	ख	पा	ऽ	वै
ध़	नि़	सा	ग	सा	ग	म	प	ध	नि	प	–	पध	मं	प
ति	हिं	बि	धि	रा	ऽ	ख	त	म	न	कौं	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ

अन्तरा •

ग	म	प	सां	सां	सां	सां	–	सां	सां	नि	ध	नि	रें	सां	–
भू	ऽ	ख	भ	ए	ऽ	भो	ऽ	ज	न	जु	उ	द	र	कौं	ऽ
प	नि	–	नि	–	रें	नि	नि	पनि	धनि	प	–	गम	धप	गम	प
तृ	षा	ऽ	तो	ऽ	य	प	ट	तऽ	नऽ	कौं	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ
सा	ग	–	ग	ग	म	ध	प	ग	–	म	प	रे	रे	सा	सा
ल	ग्यौ	ऽ	फि	र	त	सु	र	भी	ऽ	ज्यौं	ऽ	सु	त	सँ	ग
ध़	नि़	सा	ग	सा	ग	म	प	ध	नि	प	–	पध	र्म	प	–
औ	ऽ	च	ट	गु	नि	गृ	ह	ब	न	कौं	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ

हरि सौं मीत न देख्यौ......!

[राग काफी—तीनताल]

(६)

हरि सौं मीत न देख्यौ कोई ।
बिपति-काल सुमिरत, तिहिं औसर आनि तिरीछौ होई ।।
ग्राह गहे गजपति मुकरायौ, हाथ चक्र लै धायौ ।
तजि बैकुण्ठ, गरुड़ तजि, श्री तजि, निकट दास कैं आयौ ।।
दुर्बासा कौ साप निबार्‌यौ, अम्बरीष-पति राखी ।
ब्रह्मलोक-परजंत फिर्‌यौ तहँ, देव-मुनी-जन साखी ।।
लाखागृह तैं जरत पांडु-सुत, बुधि-बल नाथ, उबारे ।
सूरदास-प्रभु अपने जन के नाना त्रास निवारे ।।

भावार्थ—हरि (भगवान्) के समान कोई दूसरा मित्र देखने में नहीं आया । विपत्ति के समय भक्त की पुकार सुनकर, तुरन्त उसकी रक्षा के लिए आजाते हैं । ग्राह ने जब गजराज को मुँह में दबा लिया था, तो गजराज की करुण पुकार सुनकर बैकुण्ठ, गरुड़ एवं श्रीलक्ष्मीजी को छोड़ दिया और हाथ में चक्र लेकर तुरन्त उसकी रक्षा को दौड़े आए । इसी प्रकार दुर्वासा ऋषि के शाप का निवारण करके राजा अम्बरीष की लाज रखी, जोकि अपनी रक्षा के लिए ब्रह्मलोक तक दौड़ता फिरा था । लाख के घर से जलते हुए पांडव-पुत्रों की रक्षा की । सूरदासजी के कहने का आशय है कि प्रभो ! आपने समय-समय पर अपने भक्तों के अनेक संकटों का निवारण किया है ।

• स्थायी

×				२				०				३			
ऩि	ध	ऩि	प	ध	म	प	प	ग	सारे	म	–	प	–	पध	निसां
ह	रि	सौं	ऽ	मी	ऽ	त	न	दे	ऽऽ	ख्यौ	ऽ	को	ऽ	ईऽ	ऽऽ
रे	म	रेम	पध	मप	–	ग	रे	रेग	सारे	म	–	प	–	प	–
ह	रि	सौंऽ	ऽऽ	मीऽ	ऽ	त	न	देऽ	ऽऽ	ख्यौ	ऽ	को	ऽ	ई	ऽ
ध	ध	ध	ध	–	ध	म	म	रे	म	ऩि	प	ग	–	रे	रे
बि	प	ति	का	ऽ	ल	मु	मि	र	त	ति	हिं	औ	ऽ	स	र
म रे	–	म	म	प	–	धऩि	पध	ऩि	सां	सां	–	ऩिध	पम	पध	ऩिसां
आ	ऽ	नि	ति	री	ऽ	छौऽ	ऽऽ	हो	ऽ	ई	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

• अन्तरा

प	म	ऩि	प	ग	–	रे	रे	रे	ग	म	ग	रेग	रेसा	सा	–
आ	ठ	ह	ग	हे	ऽ	ग	ज	प	ति	मु	क	राऽ	ऽऽ	यौ	ऽ
रे	–	रे	ग	–	ग	म	–	प	–	प	–	पध	पम	रेम	प
हा	ऽ	थ,	च	ऽ	क्र	लै	ऽ	धा	ऽ	यौ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ
ध	ध	ध	–	ध	–	ध,	ध	ध	ऩि	ध	प	ध	म	प	प
त	जि	बै	ऽ	कुं	ऽ	ठ,	ग	रु	ड़	त	जि	श्री	ऽ	त	जि
रे	रे	म	प	–	प	धऩि	पध	ऩि	सां	सां	–	ऩिध	पम	पध	ऩिसां
नि	क	ट	दा	ऽ	स	कैंऽ	ऽऽ	आ	ऽ	यौ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ



राम भक्तवत्सल निज......!

[राग भीमपलासी—तीनताल]

(७)

राम भक्तबत्सल निज बानौं ।
जाति, गोत, कुल, नाम गनत नहिं, रंक होइ कै रानौं ॥
सिव-ब्रह्मादिक कौन जाति प्रभु, हौं अजान नहिं जानौं ।
हमता जहाँ, तहाँ प्रभु नाहीं, सो हमता क्यौं मानौं ?
प्रगट खम्भ तें दए दिखाई, जद्यपि कुल कौ दानौ ।
रघुकुल राघव कृस्न सदा ही, गोकुल कीन्हौं थानौ ॥
बरनि न जाइ भक्त की महिमा, बारम्बार बखानौं ।
ध्रुव रजपूत, बिदुर दासी-सुत, कौन-कौन अरगानौ ॥
जुग-जुग बिरद यहै चलि आयौ, भक्तनि-हाथ बिकानौ ।
राजसूय मैं चरन पखारे, स्याम लिए कर पानौ ॥
रसना एक, अनेक स्याम-गुन, कहँ लगि करौं बखानौ !
सूरदास-प्रभु की महिमा अति, साखी बेद-पुरानौ ॥

भावार्थ—भगवान् राम भक्तवत्सल हैं । वे बिना किसी जाति, कुल, गोत्र, नाम आदि भेदभाव के अपने भक्तों की रक्षा करते हैं, चाहे उनका जन भिखारी हो अथवा राजा । शिवजी और ब्रह्माजी, जिनके हृदय में भगवान् बसते हैं, कौन-सी जाति के हैं ? यह मैं नहीं जानता, किन्तु इतना अवश्य जानता हूँ कि जहाँ अहं (मैं) का भाव है, वहाँ भगवान् नहीं हैं; अतः मैंने इस अहं-भाव का त्याग करदिया है । मैं ऐसे भाव को मानने ही क्यों लगा, जिसके कारण प्रभु से विमुख होना पड़े । आगे चलकर सूरदासजी भगवान् की भेदभाव-रहित नीति का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि यद्यपि प्रहलाद राक्षस-कुल का था, किन्तु प्रभु ने उसकी करुण पुकार पर खम्भ में से प्रकट होकर उसकी रक्षा की और प्रेम के वशीभूत होकर, सदैव अहीरों की बस्ती गोकुलपुरी में निवास किया । आप कितनी ही बार कहिए, किन्तु भगवान् के भक्तों की महिमा का वर्णन नहीं हो सकता, क्योंकि यह असीम है । ध्रुव राजपूत जाति के थे और विदुरजी दासी के पुत्र, किन्तु भगवान् ने अपने वात्सल्य से किसी को भी वंचित नहीं किया । युगों से यह बात प्रसिद्ध होती चली आई है कि प्रभु सदैव अपने भक्तों के हाथों बिकते रहे हैं । राजसूय-यज्ञ में भगवान् ने अपने हाथ में जल लेकर चरण भी पखारे हैं । अन्त में भक्तराज सूरदास कहते हैं कि मेरी जीभ तो केवल एक ही है और श्यामजू के गुण-गान अनेक हैं; जिनके साक्षी वेद-पुराण हैं; मैं उनका वर्णन कहाँ तक कर सकता हूँ ।

स्थायी

२				०				३				×			
<u>ग</u>	म	प	सां	<u>नि</u>	ध	प	—	<u>ग</u>	सा	<u>ग</u>	म	प	—	प	—
रा	ऽ	म	भ	ऽ	क्त	ब	ऽ	त्स	ल	नि	ज	बा	ऽ	नौं	ऽ

				म								सा		सा	
				ग	म	प	ग	म	ग	रे	सा	नि	-	नि	प
				जा	ऽ	ति	गो	ऽ	त	कु	ल	ना	ऽ	म	ग
सा				सा								सा			
नि	सा	सा	सा	नि	सा	ग	म	प	पम	ग	म	पनि	-	-	-
न	त	न	हिं	रं	ऽ	क	हो	ऽ	ऽ	ऽ	इ	कै	ऽ	ऽ	ऽ
प															
ध	-	प	-	गुम	नि	ध	प								
रा	ऽ	नौं	ऽ	ऽऽ	भ	क्त	ब								

● अन्तरा

									सां	सां		सां	सां		
सा	म	म	ग	म	प	प	म	प	नि	नि	प	नि	नि	सां	सां
सि	व	ब्र	ऽ	ह्मा	ऽ	दि	क	कौ	ऽ	न	जा	ऽ	ति	प्र	भु
	सां							सां	सां						
प	नि	सां	सांरें	गं	रें	सां	सां	नि	नि	सां	-	पध	-	प	-
हौं	ऽ	अ	जाऽ	ऽ	न	न	हिं	जा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	नौं	ऽ
ग	म	पनि	सां	निध	प	-	पम	ग	सा	गम	प	ग	मग	रे	सा
ह	म	ताऽ	ऽ	जऽ	हाँ	ऽ	ऽत	हाँ	ऽ	प्रऽ	भु	ना	ऽऽ	हीं	ऽ
सा												प			
नि	सा	ग	म	प	म	ग	म	पनि	-	-	-	ध	-	प	-
सो	ऽ	ह	म	ता	ऽ	क्यौं	ऽ	माऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	नौं	ऽऽ

काहू के कुल तन न......!

[राग गौड़मल्हार—तीनताल]

(८)

काहू के कुल तन न बिचारत ।
अबिगत की गति कहि न परति है, व्याध-अजामिल तारत ॥
कौन जाति अरु पाँति बिदुर की, ताही कैं पग धारत ।
भोजन करत माँगि घर उनकैं, राज-मान-मद टारत ॥
ऐसे जनम-करम के ओछे, ओछनि हूँ ब्यौहारत ।
यहै सुभाव सूर के प्रभु कौ, भक्त-बछल-प्रन पारत ॥

भावार्थ—इस पद में भी जाति, कुल और मान-मर्यादा को छोड़ते हुए भगवान् के भक्त-वात्सल्य का वर्णन किया गया है। भगवान् किसी के कुल अथवा शरीर का विचार न करते हुए प्रेम के वशीभूत होकर, अपने भक्तों को संसार-सागर से पार करते हैं। व्याध, अजामिल जैसे अधम शरीरधारियों को भी उन्होंने भवसागर से तार दिया। विदुरजी की क्या जाति थी ? उनके घर भी भागे गए और वहाँ अपने राजकुल की मान-मर्यादा को भंग करते हुए, माँगकर भोजन किया। सूरदासजी कहते हैं कि ऐसे छोटे व्यक्तियों से भी, जो जन्म तथा कर्म से क्षुद्र माने जाते हैं, प्रभु ने व्यवहार किया। अतः ऐसे भगवान् की भक्त-वत्सलता एवं सुन्दर स्वभाव का उदाहरण और क्या हो सकता है।

स्थायी •

०				३				×				२			
								म	म	म					
रे	ग	रे	प	म	गरे	सा	सा	रे	रे	रे	ग	म	(प)	म	ग
का	ऽ	हू	ऽ	के	ऽऽ	कु	ल	त	न	न	बि	चा	ऽ	र	त
म	रे	प	प	प	–	म	प	धनि	सां	ध	नि॒प	म	प	म	ग
अ	बि	ग	त	की	ऽ	ग	ति	कऽ	हि	न	पऽ	र	ति	है	ऽ
नि॒	नि॒	नि॒													
ध	–	ध	ध	नि	–	सां	रें	सां	नि	सां	ध	नि॒	ध	प	प
व्या	ऽ	ध	अ	जा	ऽ	मि	ल	ता	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	त

अन्तरा •

म	–	रे	प	–	प	नि	ध	नि	सां	सां	सां	सां	रें	सां	–
कौ	ऽ	न	जा	ऽ	ति	अ	रु	पाँ	ऽ	ति	बि	दु	र	की	ऽ
सां	–	ध	ध	नि	–	सां	रें	सां	नि	सां	–	ध	नि॒	प	प
ता	ऽ	ही	ऽ	कें	ऽ	प	ग	धा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	त
सां	–	रेंगं	मं	गं	रें	सां	धनि	सां	सां	धनि॒	प	म	प	म	–
भो	ऽ	जऽ	न	क	र	त	माँऽ	ऽ	गि	घ	र	उ	न	कें	ऽ
ध	–	ध	नि	–	नि	सां	रें	सां	नि	सां	ध	नि॒	ध	प	प
रा	ऽ	ज	मा	ऽ	न	म	द	टा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	त

गोविंद प्रीति सबनि की……!

[राग माँड़—तीनताल]

(६)

गोबिंद प्रीति सबनि की मानत।
जिहिं-जिहि भाइ करत जन सेवा, अन्तर की गति जानत ॥
सबरी कटुक बेर तजि, मीठे चाखि, गोद भरि ल्याई।
जूठनि की कछु संक न मानी, भच्छ किए सत-भाई ॥
संतत भक्त-मीत हितकारी, स्याम बिदुर कैं आए।
प्रेम-बिकल, अति आनंद उर धरि, कदली-छिकुला खाए ॥
कौरव-काज चले रिषि सापन, साक-पत्र सु अघाए।
सूरदास करुना-निधान प्रभु, जुग-जुग भक्त बढ़ाए ॥

भावार्थ—भगवान् सबके प्रेम को मानते हैं। जो व्यक्ति जिस भाव से उनकी सेवा करता है, वे उसके अन्तर (मन) की बात को पहचानते हैं। शबरी कड़वे बेरों को छोड़कर, चाख-चाखकर मीठे बेर अपनी झोली में भरकर लाई, किन्तु भगवान् ने जूँठन की परवाह न करते हुए उन्हें सत्य-भाव से भोग लगाया, क्योंकि इन बेरों में प्रेम की पवित्र भावना निहित थी। भक्तों का सदैव हित करनेवाले, प्यारे श्यामसुन्दर विदुरजी के घर पहुँचे और वहाँ प्रेम के वशीभूत हो, हँसकर केलों के छिलके खाने लगे। कौरवों की बातों में आकर भूखे दुर्वासा ऋषि, पाण्डवों को वन में शाप देनेवाले थे, किन्तु द्रौपदी की देगची में लगे हुए शाक के कण से ही उनकी तथा उनके शिष्यों की तृप्ति होगई; इस प्रकार भगवान् ने पांडवों की रक्षा की। सूरदासजी कहते हैं कि दया के सागर भगवान् ने प्रत्येक युग में अपने भक्तों को बढ़ावा दिया है।

• **स्थायी**

२				०				३				×			
ग	म	प	ध	(सां)	–	ध	धप	ग	मग	रे	सा	रे	–	सा	सा
गो	ऽ	बिं	द	प्री	ऽ	ति	सऽ	ब	निऽ	की	ऽ	मा	ऽ	न	त
–	–	–	–	ग	म	प	ध	सां	–	सां	सां	सां	सां	सां	सां
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	जि	हिं	जि	हिं	भा	ऽ	इ	क	र	त	ज	न

नि	सां	ध	-	सां	-	सां	सां	नि	सां	ध	ध	पनि	धप	म	म
से	ऽ	वा	ऽ	ग्रं	ऽ	त	र	को	ऽ	ग	ति	जाऽ	ऽऽ	न	त
ग	म	प	ध												
गो	ऽ	बिं	द												

अन्तरा •

म	म	म	-	प	प	प	प	-	ध	नि	सां	धप	ध	प	-
स	ब	री	ऽ	क	टु	क	बे	ऽ	र	त	जि	मीऽ	ऽ	ठे	ऽ
सां	-	सां	सां	-	निध	प	ध	सां	-	सां	-	निरें	सांनि	ध	-
चा	ऽ	खि	गो	ऽ	दऽ	भ	रि	ल्या	ऽ	ई	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ
रें	-	रें	रें	रें	-	रें	रें	सां	-	रें	गं	गं	रें	सां	-
जू	ऽ	ठ	नि	की	ऽ	क	छु	सं	ऽ	क	न	मा	ऽ	नी	ऽ
सां	-	सां	सां	निसां	-	ध	ध	मं	-	प	नि	ध	-	-	-
भ	ऽ	च्छ	कि	ए	ऽ	स	त	भा	ऽ	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ	ऽ
सां	-	सां	सां	सां	नि	प	ध	सां	-	सां	-	ग	म	प	ध
भ	ऽ	च्छ	कि	ए	ऽ	स	त	भा	ऽ	ई	ऽ	गो	ऽ	बिं	द

सरन गए को......!

[राग जिल्हाकाफी—कहरवा : मध्यम को सा मानकर गाइए]

(१०)

सरन गए को, को न उबारयौ ।
जब-जब भीर परी संतनि कौं, चक्र सुदरसन तहाँ सँभारयौ ॥
भयौ प्रसाद जु अम्बरीष कौं, दुरबासा को क्रोध निवारयौ ।
ग्वालनि-हेत धरयौ गोबर्धन, प्रकट इन्द्र कौ गर्ब प्रहारयौ ॥
कृपा करी प्रहलाद भक्त पर, खम्भ फारि हिरनाकुस मारयौ ।
नरहरि-रूप धरयौ करुनाकर, छिनक-माँहि उर नखनि बिदारयौ ॥
ग्राह ग्रसत गज कौं जल-बूड़त, नाम लेत वाकौ दुख टारयौ ।
सूर स्याम बिनु और करै को, रंग-भूमि मैं कंस पछारयौ ॥

भावार्थ—इस पद में महाकवि सूरदास भगवान् की शरणागत-रक्षा का उल्लेख करते हैं। भगवान् की शरण लेनेवाले प्रत्येक जन की रक्षा हुई है। जहाँ कहीं, जिस समय भी साधुओं पर किसी प्रकार का संकट आया, वहीं चक्र सुदर्शन ने उनकी रक्षा की। दुर्वासा ऋषि के क्रोध को समाप्त करके अम्बरीष की रक्षा की और गोवर्धन के ग्वालों की पुकार पर, पर्वत को उठाकर इन्द्र के घमण्ड को चूर कर दिया। प्रह्लाद भक्त ने शरण ली, तो उसकी पुकार पर आप खम्बे में से ही प्रकट होगए और सिंह का रूप धारण करके क्षण-मात्र में, हिरण्यकश्यप-जैसे शक्तिशाली राक्षस का प्राणान्त कर दिया। गजराज ने पुकार की, तो जल में पहुँचकर ग्राह से उसे मुक्ति दिलाई। और तो क्या, रंगभूमि में कंस-जैसे असीम शक्तिवान् राक्षस को केश पकड़कर पछाड़ दिया, जिससे तुरन्त उसके प्राण-पखेरू उड़ गए। यहाँ सूरदासजी के कहने का यही आशय समझना चाहिए कि ऐसे असाधारण कार्यों को भगवान् के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं कर सकता।

- **स्थायी**

×				०				×				०			
रे	ग॒	रे	ग॒	सा	रे	ध़	नि़॒	सा	ग	ग	सा	साग	मप	गम	प
स	र	न	ग	ए	ऽ	को	ऽ	को	ऽ	न	उ	बाऽ	ऽऽ	र्‌यौ	ऽ
रे	ग॒	रे	ग॒	सा	रे	ध़	नि़॒	सा	–	सा	सा	सारे	ग॒रे	सा	–
स	र	न	ग	ए	ऽ	को	ऽ	को	ऽ	न	उ	बाऽ	ऽऽ	र्‌यौ	ऽ
ध़	ध़	सा	रे	ग	–	ग	–	रेग	म	म	ग	रे	ग	सा	–
ज	ब	ज	ब	भी	ऽ	र	प	रीऽ	ऽ	सं	ऽ	त	नि	कौं	ऽ
सा	प	प	प	प	नि॒	ध	प	म	ग	–	सा	ग	म	प	–
च	ऽ	क्र	सु	द	र	स	न	त	हाँ	ऽ	सें	भा	ऽ	र्‌यो	ऽ

- **अन्तरा**

ध़	सा	–	रे	ग	–	ग	गरे	म	–	म	म	गरे	ग	सा	–
भ	यौ	ऽ	प्र	सा	ऽ	द	जुऽ	अं	ऽ	ब	री	ऽऽ	ष	कौं	ऽ
सा	प	प	ध	पध	नि॒	ध	प	ग	म	ग	सा	ग	म	प	–
दु	र	बा	ऽ	साऽ	ऽ	को	ऽ	क्रो	ऽ	ध	नि	वा	ऽ	र्‌यौ	ऽ
म	ध	प	म	ग॒	रेसा	ध़	नि़॒	सा	–	सा	सा	सारे	गरे	सा	–
स	र	न	ग	ए	ऽऽ	को	ऽ	को	ऽ	न	उ	बाऽ	ऽऽ	र्‌यौ	ऽ

जैसैं तुम गज कौ……!

[राग गौड़सारंग—तीनताल]

(११)

जैसें तुम गज कौ पाउं छुड़ायौ ।
अपने जन कौं दुखित जानि कै, पाउँ पियादे धायौ ॥
जहँ-जहँ गाढ़ परी भक्तनि कौं, तहँ-तहँ आपु जनायौ ।
भक्ति-हेत प्रहलाद उबारयौ, द्रौपदि-चीर बढ़ायौ ॥
प्रीति जानि हरि गए बिदुर कें, नामदेव-घर छायौ ।
सूरदास द्विज दीन सुदामा, तिहिं दारिद्र नसायौ ॥

भावार्थ—इस पद में भी भगवान् द्वारा भक्तों की रक्षा एवं उनके संकटों को दूर करने के उदाहरण दिए गए हैं। सूरदासजी कहते हैं कि प्रभो ! आपने भक्तों की रक्षा के लिए क्या नहीं किया ? गजराज की प्राण-रक्षा के लिए पैदल ही दौड़कर आए । केवल यही नहीं, जहाँ भी भक्तों पर संकट पड़ा, वहीं आप पहुँचे । प्रह्लाद की हिरण्यकश्यप से रक्षा की, द्रौपदी की लाज बचाने के लिए चीर बढ़ाया, प्रेम के वशीभूत होकर विदुरजी के घर पहुँचे और सुदामा-जैसे द्रव्यहीन ब्राह्मण को मालामाल कर दिया ।

स्थायी •

×				२				०				३			
रे	ग	म	प	ग	म	गरे	ग	सा	रे	नि़	सा	गम	पनि़	धप	मग
जै	सैं	तु	म	ग	ज	कौऽ	ऽ	पा	ऽ	उँ	छु	ड़ाऽ	ऽऽ	ऽऽ	यौऽ
रे	ग	म	प	ग	म	गरे	ग	सा	रे	नि़	सा	म	–	ग	–
जै	सैं	तु	म	ग	ज	कौऽ	ऽ	पा	ऽ	उँ	छु	ड़ा	ऽ	यौ	ऽ
सा	सा	म	ग	प	प	प	–	ध	नि़	ध	प	मं	प	म	ग
अ	प	ने	ऽ	ज	न	कौं	ऽ	दु	खि	त	जा	ऽ	नि	कै	ऽ
प	–	नि	सां	रें	–	सां	–	प	–	मं	प	म	–	ग	–
पा	ऽ	उँ	पि	या	ऽ	दे	ऽ	धा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	यौ	ऽ

अन्तरा •

ग	म	ग	म	प	–	नि	नि	सां	–	सां	–	सां	रें	सां	–
ज	हँ	ज	हँ	गा	ऽ	ढ़	प	री	ऽ	भ	ऽ	क्त	नि	कौं	ऽ

नि	नि	नि	नि	नि	सां	ध	नि	सां	रें	नि	सां	ध	नि॒	प	–
त	हँ	त	हँ	आ	ऽ	पु	ज	ना	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	यौ	ऽ
प	–	रें	सां	नि	नि	सां	सां	सां ध	–	नि॒	ध	प	म॑	प	–
भ	ऽ	क्ति	हे	ऽ	त	प्र	ह्	ला	ऽ	द	उ	बा	ऽ	र्‌यौ	ऽ
प	–	प	प	सां	–	सां	सां	(प)	–	म	ग	रे	म	ग	–
द्रौ	ऽ	प	दि	ची	ऽ	र	ब	ढ़ा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	यौ	ऽ

स्याम-भजन-बिनु कौन······!

[राग देवगांधार—तीनताल]

(१२)

स्याम-भजन-बिनु कौन बड़ाई ?
बल, बिद्या, धन, धाम, रूप, गुन और सकल मिथ्या सौंजाई ।।
अम्बरीष, प्रह्लाद, नृपति बलि, महा ऊँच पदवी तिन पाई ।
गहि सारँग, रन रावन जीत्यौ, लंक बिभीषन फिरी दुहाई ।।
मानी हार बिमुख दुरजोधन, जाके जोधा हे सौ भाई ।
पांडव पाँच भजे प्रभु-चरननि, रनहिं जिताए हैं जदुराई ।।
राज-रवनि सुमिरे पति-कारन असुर-बंदि तैं दिए छुड़ाई ।
अति आनन्द सूर तिहिं औसर, कीरति निगम कोटि मुख गाई ।।

भावार्थ—संसार में यदि कोई वस्तु सत्य और बड़ी है, तो वह केवल भगवान् का भजन है। मनुष्य के पास कितना ही बल हो, विद्या हो, धन हो, महल हों, रूप-गुण हों और नाना प्रकार के साजो-सामान हों, किन्तु ये सब मिथ्या हैं, नाशवान् हैं। भगवान् के भजन के बल पर अम्बरीष, प्रह्लाद, राजा बलि आदि ने महान् पद पाया है। दूसरी ओर देखिए कि लंका का राजा रावण, जिसे अपने बल और ऐश्वर्य का असीम घमण्ड था, भगवान् राम के द्वारा समर-भूमि में मारा गया और उसीका भाई विभीषण भक्त होने के नाते, दुर्बल होते हुए भी लंका का राजा बनगया। दुर्योधन-जैसे घमण्डी योधा को, जिसके महान् बलशाली १०० भाई थे, भगवान् से विमुख होकर पराजित होना पड़ा और पांडव-पुत्र जो संख्या में केवल पाँच थे, ईश्वर-भजन के प्रताप से महाभारत के युद्ध में विजयी हुए। राजरवनि (रानी) ने संकट के समय प्रभु को पुकारा, तो उसके पति को राक्षसों की कैद से मुक्त किया; उस समय अत्यन्त आनन्द मनाया गया, जिसके यश को वेदों ने करोड़ों रूपों में गाया।

स्थायी •

२				०				३				×			
रे	म	पध॒	मप	ग॒	ग॒	रे	सा	रे	नि़	सा	रे	ग	–	म	–
स्या	ऽ	मऽ	भऽ	ज	न	बि	नु	कौ	ऽ	न	ब	ड़ा	ऽ	ई	ऽ
				म	म	म	–	प	–	ध॒	प	ग॒	–	रे,	सा
				ब	ल	बि	ऽ	द्या	ऽ	ध	न	धा	ऽ	म,	रू
रे	नि़	सा	सा	रे	–	म	म	प	प	सां	–	सांरें	ग॒ं	रें	सां
ऽ	प	गु	न	औ	ऽ	र,	स	क	ल	मि	ऽ	थ्या	ऽ	सौं	ऽ
रें	नि॒	ध॒	प	रे	म	पध॒	मप								
जा	ऽ	ई	ऽ	स्याऽ	ऽ	म	भ	जन.......।							

अन्तरा •

म	–	प	ध॒	–	ध॒	ध॒	–	सां	–	सां	सां	(सां) नि॒	सां	सां	सां
अं	ऽ	ब	री	ऽ	ष	प्र	ह	ला	ऽ	द,	नृ	प	ति	ब	लि
ध॒	ध॒	–	सां	–	सां	सां	रें	सांरें	ग॒ं	रें	सां	रें	नि॒	ध॒	प
म	हा	ऽ	ॐ	ऽ	च	प	द	वीऽ	ऽ	ति	न	पा	ऽ	ई	ऽ
प	ध॒	नि॒	–	ध॒	प	पध॒	मप	ग॒	–	रेसा	रे	ग॒	–	म	–
ग	हि	सा	ऽ	रँ	ग,	रऽ	नऽ	रा	ऽ	वऽ	न	जी	ऽ	त्यौ	ऽ
रे	–	म	म	प	–	सां	सां	ग॒ं	रें	सां	सां	रें	नि॒	ध॒	प
लं	ऽ	क	बि	भी	ऽ	ष	न	फि	री	ऽ	दु	हा	ऽ	ई	ऽ

कहा गुन बरनौं स्याम……!

[राग बिहाग—तीनताल]

(१३)

कहा गुन बरनौं स्याम, तिहारे।
कुबिजा, बिदुर, दीन द्विज, गनिका, सबके काज संवारे॥
जज्ञ-भाग नहिं लियौ हेत सौं, रिषिपति पतित बिचारे।
भिल्लिनि के फल खाए भाव सौं खाटे-मीठे-खारे॥
कोमल कर गोबर्धन धारयौ जब हुते नन्द-दुलारे।
दधि-मिस आपु बँधायौ दाँवरि, सुत कुबेर के तारे॥
गरुड़ छाँड़ि प्रभु पायँ पियादे गज-कारन पग धारे।
अब मोसौं अलसात जात हौ अधम-उधारनहारे॥
कहँ न सहाय करी भक्तनि की पांडव जरत उबारे।
सूर परी जहँ बिपति दीन पर, तहाँ बिघन तुम टारे॥

भावार्थ—हे श्यामसुन्दर ! मैं आपके गुणों का वर्णन किस प्रकार करूँ ? आपकी कृपा के असंख्य उदाहरण हैं, जो कहने में नहीं आ सकते। आपने समय-समय पर कुब्जा, विदुरजी, सुदामाजी एवं गणिका आदि की जीवन-नौका को पार लगाया है। प्रेम के वशीभूत होकर भीलनी के खट्टे, मीठे और खारे बेरों को तो खाया, किन्तु प्रेम-रहित ऋषियों द्वारा निकाले हुए यज्ञ के भाग को छोड़ दिया। हे नन्दबाबा के दुलारे ! आपने बाल्यावस्था में अपने कोमल हाथ पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की। अपने मित्र ग्वाल-बालों को सारा माखन खिला दिया और दंड पाने के लिए स्वयं ऊखल से बँध गए। नारद ऋषि द्वारा शापित कुबेर के पुत्रों का त्राण किया एवं गजराज की सहायता के लिए गरुड़ को छोड़कर पैदल ही भागे आए। सूरदासजी कहते हैं कि हे भक्तवत्सल प्रभो ! अब आप मेरी बारी आने पर क्यों आलस्य करते हैं ! मुझे भी भव-सागर से पार कीजिए, क्योंकि आप सदैव से अधम जीवों का उद्धार करते आए हैं। आपने प्रत्येक अवस्था में अपने सेवकों की सहायता की है। दुर्योधन द्वारा निर्मित लाख के घर से ठीक समय पर आपने पांडवों की प्राण-रक्षा की है; इसके अतिरिक्त अन्य जहाँ-कहीं भी भक्तों पर कोई संकट आया है, वहीं पर आपके द्वारा उनकी रक्षा हुई है।

• **स्थायी**

२				०				३				×			
ग	म	ग	ग	सा	सा	ग	म	प	–	ग	म	ग	–	सा	–
क	हा	गु	न	ब	र	नौं	ऽ	स्या	ऽ	म	ति	हा	ऽ	रे	ऽ

ग	म	ग	ग	प़	प़	नि़	–	सा	सा	सा	नि़	–	सा	प	मं
क	हा	गु	न	कु	बि	जा	ऽ	बि	दु	र	दी	ऽ	न	द्वि	ज
ग	म	ग	–	नि	ध	(सां)	–	नि	ध	प	मं	ग	म	ग	सा
ग	नि	का	ऽ	स	ब	के	ऽ	का	ऽ	ज	सँ	वा	ऽ	रे	ऽ
ग	म	ग	ग												
क	हा	गु	न												

अन्तरा ●

ग	–	म	प	नि	नि	प	प	नि	सां	–	सां	–	रें	सां	–
ज	ऽ	ज्ञ	भा	ऽ	ग	न	हिं	लि	यौ	ऽ	हे	ऽ	त	सौं	ऽ
नि	ध	नि	सां	नि	प	ग	म	प	नि	ध	सां	नि	–	–	–
रि	षि	प	ति	प	ति	त	बि	चा	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ
सां	–	नि	ध	नि	–	प	प	ध	ग	म	प	ग	म	ग	सा
भि	ऽ	ल्लि	नि	के	ऽ	फ	ल	खा	ऽ	ए	भा	ऽ	व	सौं	ऽ
नि	ध	सां	–	नि	ध	प	–	ग	म	ग	सा	ग	म	ग	ग
खा	ऽ	टे	ऽ	मी	ऽ	ठे	ऽ	खा	ऽ	रे	ऽ	क	हा	गु	न

मोहन के मुख ऊपर......!

[कहरवा : मध्यम से]

(१४)

मोहन के मुख ऊपर वारी ।
देखत नैन सबै सुख उपजत, बार-बार तातैं बलिहारी ॥
ब्रह्मा बाल-बछरुवा हरिगयौ, सो ततछन सारिखे संवारी ।
कीन्हौं कोप इन्द्र बरषारितु, लीला लाल गोबर्धनधारी ॥
राखी लाज समाज माहिं जब, नाथ-नाथ द्रौपदी पुकारी ।
तीनि लोक के ताप-निवारन, सूर स्याम सेवक-सुखकारी ॥

भावार्थ—मोहन, जो संसार को मोहित करनेवाले हैं, मैं ऐसे भगवान् के मुख की सुन्दरता पर स्वयं को वारता हूँ। उनके मोहक नेत्रों की झाँकी से संसार के प्रत्येक जीव को असीम और अतुलनीय सुख की प्राप्ति होती है, अतः प्रभु के ऐसे मोहिनी रूप के ऊपर मैं बार-बार बलिहार होता हूँ।

एक बार ब्रह्माजी ने कृष्णावतार की परीक्षा लेने के लिए भगवान् कृष्ण की ग्वाल-मण्डली एवं सभी बछड़े तथा गायों का हरण कर लिया, किन्तु भगवान् कृष्ण ने तुरन्त अपनी माया से उसी रूप और संख्या के दूसरे ग्वाल-बाल तथा गाय-बछड़े पैदा कर लिए और ब्रह्माजी को भी भ्रम में डाल दिया। इन्द्र ने ब्रजवासियों पर अपना क्रोध प्रकट करके प्रलयकारिणी वर्षा द्वारा सारे ब्रज को डुबाने की चेष्टा की, किन्तु श्री नन्दलाल ने गोवर्धन-धारण लीला करके अपने सखा एवं समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। भरी सभा के मध्य जिस समय दुष्ट दुःशासन द्रौपदी का चीर खींचकर उसकी लाज लूट लेना चाहता था, उस समय द्रौपदी की करुण पुकार पर स्वयं भगवान् आए और चीर इतना बढ़ा दिया कि खींचते-खींचते दुःशासन के हाथ थक गए; इस प्रकार उसकी लाज बचाई। सूरदासजी के कहने का आशय यही है कि भगवान् कृष्ण तीनों लोकों के दुःखों को हरनेवाले और सदैव अपने सेवकों को सुख प्रदान करनेवाले हैं।

• स्थायी

×				०				×				०			
नि़	—	नि़	नि़	सा	—	रे	रे	ग	—	म	ग	रे	—	सा	—
मो	ऽ	ह	न	के	ऽ	मु	ख	ऊ	ऽ	प	र	वा	ऽ	री	ऽ
सा	प	प	प	प	—	प	म	प	ध	नि॒	ध	प	प	म	मग
दे	ऽ	ख	त	नै	ऽ	न	स	बै	ऽ	सु	ख	उ	प	ज	तऽ
ग	—	ग	ग	—	ग	गम	गम	रे	ग	म	ग	रेग	रेसा	सा	—
बा	ऽ	र	बा	ऽ	र	ताऽ	ऽऽ	तैं	ऽ	ब	लि	हाऽ	ऽऽ	री	ऽ

• अन्तरा

नि॒	—	नि॒	—	नि॒	—	नि॒	नि॒	ध	ध	ध	नि॒	ध	प	प	प
ब्र	ऽ	ह्मा	ऽ	बा	ऽ	ल,	ब	छ	रु	वा	ऽ	ह	रि	ग	यो
प	ध	म	म	रे	ग	सा	—	रे	ग	म	(प)	म	—	ग	—
सो	ऽ	त	त	छ	न	सा	ऽ	रि	खे	सैं	ऽ	वा	ऽ	री	ऽ
म	—	म	—	म	प	प	प	—	ध	नि॒	ध	प	म	म	म
की	ऽ	न्हौं	ऽ	को	ऽ	प,	इं	ऽ	द्र	ब	र	षा	ऽ	रि	तु
सा	ग	ग	रे	ग	म	म	मग	रे	ग	म	ग	रेग	रेसा	सा	—
ली	ऽ	ला	ऽ	ला	ऽ	ल	गोऽ	ब	र्	ध	न	धाऽ	ऽऽ	री	ऽ

गोबिंद गाढ़े दिन के······!

[राग तिलककामोद—कहरवा]

(१५)

गोबिंद गाढ़े दिन के मीत ।
गज अरु ब्रज प्रह्लाद, द्रौपदी, सुमिरत ही निहचीत ।।
लाखागृह पांडवनि उबारे, साक-पत्र मुख नाए ।
अम्बरीष-हित साप निवारे, ब्याकुल चले पराए ।।
नृप-कन्या कौ ब्रत प्रतिपारयौ, कपट बेष इक धारयौ ।
तामैं प्रगट भए श्रीपतिजू, अरि-गन-गर्ब प्रहारयौ ।।
कोटि छयानबै नृप-सेना सब, जरासन्ध बँध छोरे ।
ऐसें जन परतिज्ञा राखत, जुद्ध प्रगट करि जोरे ।।
गुरु-बांधव-हित मिले सुदामहिं, तन्दुल पुनि-पुनि जाँचत ।
भगत-बिरह कौ अतिहीं कादर, असुर-गर्ब-बल नासत ।।
संकट-हरन-चरन हरि प्रगटे, बेद बिदित जस गावै ।
सूरदास ऐसे प्रभु तजिकै, घर-घर देव मनावै ।।

भावार्थ—मुसीबत के दिनों में भगवान् ही मित्र होते हैं । गजराज, ब्रजमण्डल, भक्तराज प्रह्लाद एवं द्रौपदी की विपत्ति के समय केवल भगवान् ही काम आए थे । लाख के बने हुए घर से पाण्डवों की प्राण-रक्षा करना, द्रौपदी की पतीली में लगे हुए एक शाक-कण से महर्षि दुर्वासा तथा उनके शिष्यों की भूख को निवृत्त करना और दुर्वासाजी के शाप से महाराज अम्बरीष की प्राण-रक्षा करना आदि कार्यों से पुष्टि होती है कि मुसीबत के समय प्रभु अवश्य सहायता करते हैं । राजकन्या की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिए, उसके पति कपटी विष्णु में सचमुच प्रकट होकर कन्या के पिता के शत्रु-बल का संहार कर देना तथा जरासंध राक्षस की कैद से करोड़ों सैनिकों व राजाओं को मुक्त करना आदि असाधारण कार्य भगवान् के द्वारा ही हुए हैं । प्रभु ने इसी प्रकार सदैव अपने भक्तों की प्रतिज्ञा को पूरा किया है । अपने गुरुभाई सुदामा के चावल खानेवाले श्री श्यामसुन्दर सदैव भक्तों के बिछोह से बेचैन हो जाया करते हैं तथा राक्षसों के बल और घमण्ड को चूर करते रहते हैं । सूरदासजी का कहना है कि भगवान् श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों के कष्ट हरने के लिए अवतार लिया था, दुनिया इस बात को जानती है । ऐसे प्रभु को छोड़कर—जिनका यश वेद भी गारहे हैं—अन्य देवताओं को मनाना सरासर मूर्खता है ।

स्थायी

×				०				×				०			
म़	प़	नि़	नि़	सा	–	रेग	सारे	म	ग	सा	नि़	सा	–	–	–
गो	ऽ	बिं	द	गा	ऽ	ढ़ेऽ	ऽऽ	दि	न	के	ऽ	मी	ऽ	ऽ	त

सा	ग	ग	ग	ग	ग	ग	ग	म	–	म	ग	रे	ग	रे	–
ग	ज	अ	रु	ब्र	ज	प्र	हृ	ला	ऽ	द	द्रौ	ऽ	प	दी	ऽ
सा	सा	रे	रे	ग	रे	ग	(प)	म	–	–	–	ग	रे	सा	नि़
सु	मि	र	त	ही	ऽ	नि	हृ	ची	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	त

● अन्तरा

रे	–	म	–	प	प	प	–	रे	म	प	ध	म	ग	रे	–
ला	ऽ	खा	ऽ	गृ	हृ	पां	ऽ	ड	व	नि	उ	बा	ऽ	रे	ऽ
म	–	म	म	–	म	प	ध	म	–	ग	–	गम	गम	रेग	सा
सा	ऽ	क	प	ऽ	अ	मु	ख	ना	ऽ	ए	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ
ग	–	ग	ग	–	ग	ग	ग	रेग	म	म	म	मग	रेग	सा	–
अं	ऽ	ब	री	ऽ	ष	हि	त	साऽ	ऽ	प	नि	वाऽ	ऽऽ	रे	ऽ
सा	–	रे	रे	सा	रे	ग	(प)	म	–	–	–	ग	रे	सा	नि़
ब्या	ऽ	कु	ल	च	ले	ऽ	प	रा	ऽ	ऽ	ऽ	ए	ऽ	ऽ	ऽ

प्रभु तेरौ बचन भरोसौ……!

[राग देस—तीनताल]

(१६)

प्रभु तेरौ बचन भरोसौ साँचौ।
पोषन-भरन बिसंभर साहब, जो कलपै सो काँचौ॥
जब गजराज ग्राह सौं अटक्यौ, बली बहुत दुख पायौ।
नाम लेत ताही छिन हरिजू, गरुड़हिं छाँड़ि छुड़ायौ॥
दुस्सासन जब गही द्रौपदी, तब तिहिं बसन बढ़ायौ।
सूरदास प्रभु भक्तबछल हैं, चरन-सरन हौं आयौ॥

भावार्थ—भगवान् का भरोसा सदैव सच्चा होता है। संसार का वे भरण-पोषण करनेवाले और जगत् के स्वामी हैं। जो व्यक्ति इन वाक्यों में विश्वास नहीं रखते, उन्हें विवेकहीन समझना चाहिए। गजराज की कथा से इसका प्रमाण मिलता है। जिस समय गजराज ग्राह से हार मानकर मौत के मुँह में जारहा था, उसकी सच्ची और करुण पुकार पर भगवान् गरुड़ को भी छोड़कर भागे आए और गज की प्राण-रक्षा की। इसी प्रकार द्रौपदी की करुण पुकार पर दुःशासन की सभा में उसका चीर बढ़ाया। सूरदासजी कहते हैं कि भगवान् भक्तवत्सल हैं, अतः वह मुझे भी इस अगम संसार-सागर से पार करेंगे, इसीलिए मैं उनकी शरण में आया हूँ।

स्थायी •

२				०				३				×			
रेग॒	सारे	म	प	नि	सां	नि॒	धप	म	गरे	सानि॒	सा	(म)	-	ग	रे
प्रऽ	भुऽ	ते	रौ	ब	च	न	भऽ	रो	ऽऽ	सौऽ	ऽ	साँ	ऽ	चौ	ऽ
रेग॒	सारे	म	प	रे	-	रे	रे	प	प	प	ध	म	-	ग	रे
प्रऽ	भुऽ	ते	रौ	पो	ऽ	ष	न	भ	र	न	बि	सं	ऽ	भ	र
											सां				
रे	ग	सा	सा	ग॒	सारे	म	म	प	म	प	नि॒	ध	-	प	-
सा	ऽ	ह	ब	जो	ऽ	क	ल	पै	ऽ	सो	ऽ	काँ	ऽ	चौ	ऽ

अन्तरा •

०				३				×				२			
म	म	प	प	नि	-	नि	सां	-	सां	सां	-	रें	नि॒	सां	-
ज	ब	ग	ज	रा	ऽ	ज	ग्रा	ऽ	ह	सौं	ऽ	अ	ट	क्यौ	ऽ
प	नि	-	नि	सां	नि	सां	सां	निसां	रें	सां	रें	नि॒	-	ध	प
ब	ली	ऽ	ब	हु	त	दु	ख	पाऽ	ऽ	ऽ	ऽ	यौ	ऽ	ऽ	ऽ
रें	-	रें	रें	गं॒	रें	सां	-	रेंगं	मं	मं	मंगं	रें	गं	सां	-
ना	ऽ	म	ले	ऽ	त	ता	ऽ	हीऽ	ऽ	छि	नऽ	ह	रि	जू	ऽ
प	नि	नि	नि	नि	सां	नि	सां	प	ध	म	रे	रेग॒	सारे	म	प
ग	रु	ड़	हिं	छाँ	ऽ	ड़ि	छु	ड़ा	ऽ	यौ	ऽ	प्रऽ	भुऽ	ते	री

कहा कमी जाके राम……!

[ताल—कहरवा]

(१७)

कहा कमी जाके राम धनी।
मनसा-नाथ मनोरथ-पूरन, सुख-निधान जाकी मौज घनी ॥
अर्थ, धर्म अरु काम, मोक्ष फल, चारि पदारथ देत गनी।
इन्द्र-समान हैं जाके सेवक, नर बपुरे की कहा गनी ॥
कहा कृपिन की माया गनियै, करत फिरत अपनी-अपनी।
खाइ न सकै खरचि नहिं जानै, ज्यौं भुवंग-सिर रहत मनी ॥
आनँद-मगन राम-गुन गावै, दुख-सँताप की काटि तनी।
सूर कहत, जे भजत राम कौं, तिनसौं हरि सौं सदा बनी ॥

भावार्थ—अतुल ऐश्वर्य के भंडार भगवान् श्रीराम पर जिन व्यक्तियों को भरोसा है, उन्हें संसार में किसी वस्तु की कमी नहीं रह सकती। हृदयों के स्वामी, सुख के भण्डार और अत्यन्त कृपालु भगवान् प्रत्येक मनोरथ (मन की इच्छा) को पूर्ण करनेवाले हैं। जो उनमें निष्ठा एवं विश्वास रखते हैं, उन्हें चारों पदार्थ—धर्म, अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्य से ऐसे भगवान् की समता क्या हो सकती है, जिनके राजा इन्द्र के समान सेवक हैं। मनुष्य तो बेचारा किंचित् धन पाकर एकदम कंजूसी दिखाने लगता है अथवा अहंकार के वशीभूत होकर किसी को अपने समान समझता ही नहीं और अपनी-अपनी ही तानता है। द्रव्य से उसको इतना मोह बढ़ जाता है, जैसे सर्प को अपनी मणि से होता है। कृपण मनुष्य न धन को खा सकता है और न खर्च ही कर सकता है।

इस पद में भक्तराज सूरदास के कहने का आशय यही है कि मनुष्यों को द्रव्य में मोह न रखकर भगवान् रामजी के गुण-गान में मन लगाना चाहिए। ऐसा करने से उनके हर प्रकार के दुःख स्वयं ही समाप्त हो जाएँगे। जो मनुष्य या जीव प्रभु का भजन करते रहेंगे, भगवान् भी उन पर सदैव कृपा करते रहेंगे।

• स्थायी

×				०				×				०			
ध़	सा	-	रे	ग	-	-	-	ग	ध	प	मं	ग	-	सा	सा
क	हा	ऽ	क	मी	ऽ	ऽ	ऽ	जा	ऽ	के	ऽ	रा	ऽ	म	ध
सा	-	-	-	रेग	रेसा	ध़	प़								
नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ								
सा	सा	रे	-	सा	-	ग	ग	सा	-	प	प	ग	रे	सा	सा
म	न	सा	ऽ	ना	ऽ	थ	म	नो	ऽ	र	थ	पू	ऽ	र	न

ग	प	ग	प	–	प	प	ध	प	–	ग	रे	ग	सा	रे	–
सु	ख	नि	धा	ऽ	न	जा	ऽ	की	ऽ	मौ	ऽ	ज	घ	नी	ऽ
ग	ध	प	म॑												
जा	ऽ	के	ऽ	इत्यादि											

